# प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 22.11.23

**थाना टीला मोड़ पुलिस द्वारा हत्या की घटना करने वाले 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल, एक ईटं व एक टूटी हुई कांच की बोतल बरामद।**

दिनांक 18.11.2023 को थाना टीला मोड पर वादी उदयवीर पुत्र स्व0 दुर्गा प्रसाद निवासी सोनिया विहार थाना टीला मोड़ जनपद गाजियाबाद की लिखित तहरीर के आधार अभियुक्तगण द्वारा वादी के पुत्र की हत्या करने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना टीला मोड़ पुलिस द्वारा घटना के अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया ।आज दिनांक 22.11.2023 को थाना टीला मोड़ पुलिस द्वारा मुखबिर की की सूचना के आधार पर चेंकिग के दौरान वांछित अभियुक्तगण 1.अक्षय पुत्र अनिल तौमर निवासी सोनिया विहार थाना टीला मोड़ जनपद गाजियाबाद व 2. सुमित उर्फ कालू पुत्र स्व0 प्रेमबाबू निवासी ठठिया थाना ठठिया जिला कन्नौज हाल निवासी औमपाल भाटी के मकान के सामने वाली गली मौहल्ला कुटी थाना टील मोड़ जनपद गाजियाबाद को भौपुरा तिराहे से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ अभि0गण-**

पूछताछ में अभियुक्त अक्षय उपरोक्त ने बताया उसका मृतक सतेन्द्र उर्फ सिकन्दर की भांजी से लगभग एक वर्ष से दोस्ती थी। जिस कारण मेरा मृतक की भांजी के घर पर आना जाना था। जिस कारण सतेन्द्र उर्फ सिकन्दर मुझे पसन्द नही करता था और इस बात को लेकर मुझसे कई बार सतेन्द्र उर्फ सिकन्दर के साथ कहा सुनी हो गयी थी और मै अपने आपको अपमानित महसूस करने लगा था। ये बात मैने अपने दोस्त सुमित उर्फ कालू को बताई तो हम दोनो ने सतेन्द्र उर्फ सिकन्दर की हत्या करने की योजना बनाई। दिनांक 17.11.2023 को हम दोनों ने मौका पाकर सतेन्द्र उर्फ सिकन्दर को अपने साथ लेकर पहले हम तीनों ने शराब पी और हम तीनों ने नशा किया। जब हम दोनों को एहसास हो गया कि सतेन्द्र उर्फ सिकन्दर को नशा हो गया है और हमारा विरोध नही कर सकता है। तो हम दोनों ने मिलकर उसे कालू की मोटर साइकिल पर बैठाकर हिण्डन एयर फोर्स की बाउन्ड्री की तरफ ले गये। तथा फिर हम दोनों ने मिलकर एक काँच की बोतल तोड़कर उसके गले मे मारी और उसको ईटों से मारा जब हमे लगा कि वह मर चुका है। तो हम लोग उसको छोडकर चले गये थे। अभियुक्तगणों से सतेन्द्र उर्फ सिकन्दर की हत्या मे प्रयुक्त ईट व काँच की बोतल के सम्बन्ध मे पूछा तो बताया कि साहब हमने दोनो वही घटना के पास झाडियो मे छिपाकर रख दिया था।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. अक्षय पुत्र अनिल तौमर निवासी सोनिया विहार थाना टीला मोड जनपद गाजियाबाद
2. सुमित उर्फ कालू पुत्र स्व0 प्रेमबाबू निवासी ठठिया थाना ठठिया जिला कन्नौज हाल निवासी औमपाल भाटी के मकान के सामने वाली गली मौहल्ला कुटी थाना टीलमोड़ जनपद गाजियाबाद

**अपराधिक इतिहास अभियुक्तगण**

अभियुक्त अक्षय तौमर पर टीला मोड़ के तीन मुकदमे पूर्व मे पंजीकृत है।

**बरामदगी का विवरण -**

- घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल
- घटना में प्रयुक्त एक ईटं
- घटना में प्रयुक्त एक टूटी हुई कांच की बोतल

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

थाना टीला मोड़ पुलिस टीम

**थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार, कब्जे से दिल्ली से चोरी की गयी 01 मोटर साईकिल बरामद।**

थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 21.11.23 को चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण 1. गुलफाम पुत्र महबूब निवासी राम मुर्ति पब्लिक स्कूल के पास शुक्र बाजार चौक लक्ष्मी गार्डन थाना लोनी बोर्डर गाजियाबाद 2. कैलाश पुत्र ओमप्रकाश निवासी झण्डा चौक नाला रोड लक्ष्मी गार्डन थाना लोनी बोर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 40 वर्ष को शनि मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से दिल्ली से चोरी की 01 मोटर साईकिल बरामद हुई। अभियुक्तगण के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ करने पर अभियुक्तगणों ने बताया कि साहब यह मोटरसाइकिल हम दोनो ने कुछ समय पहले ही सी ब्लाक यमुना विहार दिल्ली के पास से चोरी की थी। जिसे आज हम दोनो बेचने के लिये जाने वाले थे कि आपने पकड लिया साहब माफ कर दो।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता–**

1. गुलफाम पुत्र महबूब निवासी राम मुर्ति पब्लिक स्कूल के पास शुक्र बाजार चौक लक्ष्मी गार्डन थाना लोनी बोर्डर गाजियाबाद
2. कैलाश पुत्र ओमप्रकाश निवासी झण्डा चौक नाला रोड लक्ष्मी गार्डन थाना लोनी बोर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 40 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-**

चोरी की 01 मोटर साईकिल रजि0 नम्बर DL5SCF5583 सम्बन्धित ई- पुलिस स्टेशन एमवी थेप्ट यमुना विहार दिल्ली

**आपराधिक इतिहास-**

अभियुक्तगण के विरुद्ध दिल्ली में चोरी का 01 अभियोग व थाना लोनी बोर्डर पर एक मुकदमा चोरी की मोटर साइकिल वरामदगी का पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम

**थाना शालीमार गार्डन पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 150 ग्राम नाजायज गांजा बरामद।**

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा दिनांक 21.11.2023 को दौराने चैकिंग मुखबिर खास की सूचना के आधार पर अभियुक्त सलाउद्दीन उर्फ सोनू पुत्र नजाकत निवासी सीमापुरी निकट चाँद मस्जिद ,थाना सीमापुरी, दिल्ली उम्र करीब 25 वर्ष को तिकोना पार्क बंगाली कालोनी के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 किलो 150 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना शालीमार गार्डन पर एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

**विवरण गिरफ्तार अभियुक्त**

सलाउद्दीन उर्फ सोनू पुत्र नजाकत निवासी सीमापुरी निकट चाँद मस्जिद, थाना सीमापुरी, दिल्ली उम्र करीब 25 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम